**Need to introduce direct flight services from Shravasti Airport, Uttar Pradesh to Delhi and Mumbai- Laid**

**डॉ. आनन्द कुमार गोंड (बहराइच) :** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और माननीय नागर विमानन मंत्री जी के अथक प्रयास से विश्वप्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल श्रावस्ती में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत श्रावस्ती विमानपत्तन का निर्माण कराया गया और पिछले वर्ष से यहां से नियमित उड़ान सेवा सिर्फ लखनऊ के लिए चालू है । यह एयरपोर्ट देवीपाटन मंडल के अंतर्गत आने वाले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर व गोंडा जिले का इकलौता एयरपोर्ट है लेकिन यहाँ से दिल्ली और मुंबई के लिए कोई सीधी उड़ान नहीं होने के कारण दिल्ली और मुम्बई जाने के लिए क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों को प्रतिदिन अधिक समय और पैसा व्यय करना पड़ता है । मेरा माननीय मंत्री जी से यह आग्रह है कि क्षेत्र के लोगों की मांग और जरूरतों को देखते हुए श्रावस्ती से दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत सीधी उड़ान सेवा शुरू की जाए । इससे न केवल मुंबई और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि सरकार को राजस्व लाभ भी होगा ।